भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या-922
उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

## आईआईटी के पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश

**†922. श्री सु.वेंकटेशन:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में आईआईटी के पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले छात्रों की कुल संख्या और उनमें से एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों की कुल संख्या का विभागवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

आईआईटी स्वायत्त संस्थान हैं जो प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 1961 और समय-समय पर इसके तहत बनााई गई संविधियों द्वारा शासित होते हैं। सरकार ने आईआईटी को पीएचडी सहित विभिन्न कार्यक्रमों में आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के प्रवेश हेतु समय-समय पर यथासंशोधित केंद्रीय शिक्षा संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम, 2006 के सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन करने का अधिदेश दिया है। संविधियों के अलावा, आईआईटी भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों, मानदंडों और निर्देशों का विधिवत अनुपालन करते हैं।

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में आईआईटी के पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की कुल संख्या 6210 है, जिनमें से एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों की संख्या 2484 है।

*****